***Newsletter:*** **Volume-1 (2025-26)**

# ECE Connect -The Evolving Vectors

**Mandate to "Respond effectively to the evolving needs of Technology and Local Industry".**

## *Department of Electronics and Communication Engineering*

## Guru Daksh Government Polytechnic, Hisar



### 🏛️ VISION & MISSION

**Our Vision:** To create and sustain a dynamic environment for technical education where youth develop strong technical skills, knowledge, and the ability to contribute meaningfully to society and industry.

**Our Mission:**

- To provide up-to-date, industry-relevant technical education to empower youth with practical skills.
- To generate and disseminate knowledge through technical support, industry visits, and expert lectures.
- To inculcate moral, ethical, and professional values among students.
- To respond effectively to the evolving needs of industry and the wider community.

## 🎓 ACADEMIC & INDUSTRY LINKAGES

### 💼 Industrial Exposure

The department actively connects academic theory with industrial ecosystems through highly curated field exposure schedules:

- **BSNL Hisar:** Hands-on operational exposure to large-scale modern telecommunication architectures.



- **VVDN Technologies:** Live interface showcasing cutting-edge mass electronics assembly and product development workflows.



- **ISRO Space Applications Centre, Ahmedabad:** Exclusive academic reward tour organized by the Haryana Technical Education Department for state topper students.






दैनिक सवेरा टाइम्स

# हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग की पहल : इसरो की उड़ान भरेंगे 28 नौनिहाल

## उड़ान भरने वाले दल में ये बच्चे शामिल

इस दल में प्रदेश के इंजीनियरिंग और डिप्लोमा कॉलेजों के 28 टॉपर बच्चे शामिल हैं। जिनकी इसरो यात्रा का तमाम खर्च हरियाणा सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि पहली बार हरियाणा से विद्यार्थियों को इसरो भ्रमण का मौका मिला है। इस दल में विद्यार्थी शीतल, अंजली, सागर, केशव राणा, नीलम देवी, मनोज कुमार, गीतिका बतरा, प्रियंका मिश्रा, लक्षिता वतरा, संजू, दीक्षांत शर्मा, विशाल यादव, सचिन, लुभांशी, अमन श्रीवास्तव, निखिल, कनव, कोमल, कवी, प्रिंस शर्मा, रिया, गौरव, योगेश कुमार, विक्रम कुमार पटेल, उमेश, आदित्य, अमन और चाहत सिवाच शामिल हैं।

## Expert Interactions & Mentorship

- **IES Officer Sh. Sanjay Kumar Varshney (Principal GM):** Conducted a highly motivating masterclass mapping future engineering pathways in the modern electronic era.



- **Faculty Development Program (FDP):** A intensive 3-day outcome-based pedagogy training program completed by 21 faculty members in strategic collaboration with the Medha Running Foundation, Panchkula.



**पॉलिटक्निक में संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित**

हिसार। गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक मेधा रनिंग फाउंडेशन पंचकूला के सहयोग से तीन दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ ऋचा सिंह और सुभाष रावत ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक को अपनाकर परिणाम आधारित दृष्टिकोण के बारे में कर्मचारियों को जागरूक किया। मेधा फाउंडेशन के आयुष ने शिक्षकों और छात्रों के बीच कहानी के बंधन का आधार तैयार किया। यह एक इंटरैक्टिव प्रशिक्षण था जिसमें संस्थान के 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया।




## 💼 PLACEMENT BENCHMARKS

| Academic Batch | Enrolled Candidates | Eligible Candidates | Overall Placement Rate (%) |
|---|---|---|---|
| **2022 - 2025** | 56 | 25 | **96% Placed** |
| **2021 - 2024** | 39 | 21 | **100% Placed** |
| **2020 - 2023** | 42 | 12 | **100% Placed** |
| **2019 - 2022** | 41 | 15 | **100% Placed** |

Our graduates continue to dominate market hiring metrics across premier industry.

## 🏆 SPORTS TRIUMPHS

Demonstrating holistic dominance, the institute proudly claimed the coveted **Overall Sports Trophy** at the 38th Inter-Polytechnic Athletic Meet for the third consecutive year.

- **Handball Championship:** Clinched the Gold Medal by defeating Govt Polytechnic Mandi Adampur with a decisive 16-5 scoreline.

हिसार, मंगलवार, 10 मार्च 2026 | 04

### इंटर पॉलिटेक्निक हैंडबॉल प्रतियोगिता में राजकीय पॉलिटेक्निक हिसार ने तीसरी बार जीता स्वर्ण पदक



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक, हिसार की हैंडबॉल टीम ने इंटर पॉलिटेक्निक हैंडबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता आज हिसार में आयोजित की गई। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक, हिसार की टीम ने राजकीय पॉलिटेक्निक, महम की टीम को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला राजकीय पॉलिटेक्निक, मंडी आदमपुर के साथ खेला गया, जिसमें हिसार की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 16-5 के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक हासिल किया। उल्लेखनीय है कि गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक, हिसार ने इंटर पॉलिटेक्निक हैंडबॉल प्रतियोगिता में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर इस उपलब्धि को और भी गौरवपूर्ण बना दिया है

संस्थान के प्राचार्य जगमोहन सिंह ने इस उपलब्धि पर टीम को बधाई दी तथा स्पोर्ट्स प्रेसिडेंट अरविंद कुमार और स्पोर्ट्स इंचार्ज लेफ्टिनेंट संदीप ओला को लगातार मिल रही इस सफलता के लिए विशेष रूप से सराहा। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को भी सफल आयोजन में सहयोग और समन्वय के लिए धन्यवाद दिया। स्पोर्ट्स प्रेसिडेंट ने राजकीय पॉलिटेक्निक मंडी आदमपुर की टीम को रजत पदक जीतने पर तथा राजकीय पॉलिटेक्निक मेहम की टीम को कांस्य पदक प्राप्त करने पर बधाई दी और सभी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन की सराहना की।

संदीप ओला ने प्राचार्य जगमोहन सिंह और अरविंद कुमार के मार्गदर्शन और सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया। अरविंद कुमार ने प्रतियोगिता के सफल संचालन में रेफरी की भूमिका निभाने वाले रवि, प्रदीप, विकास और संजीव शर्मा का धन्यवाद किया। अनिल नैन, तरुण कुमार, राधेश्याम, कृष्ण कुमार, विजय पाल, पंकज भाटिया, मनजीत, सुनील श्योराण, संदीप भेरवान, जितेंद्र कुमार, मोहित ढींगरा और रमेश शर्मा सहित अनेक व्यक्तियों ने प्रतियोगिता का अवलोकन किया।

- **Football League:** Secured the Silver Medal position.
- **Individual Best Athlete:** Student **Nikesh Siwach** was formally declared the overall best athlete of the tournament.

## 🛡️ AWARENESS & SOCIAL OUTREACH

### 🔐 Digital Safety Campaigns

- **HALSA Cyber Awareness Initiative:** Focused sessions titled "Managing the Digital World and Cyber Fraud" led by experienced legal advocates and police officials.

खबरनामा

# साइबर अपराधों के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक की छात्राओं को



*साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी देने पहुंची हरियाणा पुलिस से एस.आई. ममता व अन्य।* (नांदवाल)

हिसार, 14 फरवरी (नांदवाल): दक्ष गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में आज छात्राओं के लिए आत्मरक्षा एवं साइबर जागरूकता विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, आत्मविश्वास बढ़ाना तथा साइबर अपराधों से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान करना था।

इस अवसर पर हरियाणा पुलिस से एस.आई. ममता एवं उनके सहयोगी पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को साइबर अपराधों के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि साइबर फ्रॉड किस प्रकार किया जाता है, लोग किस तरह ऑनलाइन ठगी का शिकार बनते हैं तथा इन अपराधों से बचाव के प्रभावी उपाय क्या हैं। साथ ही साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने और निर्धारित हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की सलाह दी गई। और छात्राओं को अपनी आत्मरक्षा के लिए जूडो कराटे के गुर भी सिखाए गए। इस अवसर पर प्रिंसिपल मुकेश बंसल, टीम सदस्य प्रदीप कुमारी, सरोज, भारती आदि मौजूद रहे।

- **Women’s Self-Defense Unit:** Specialized physical safety and tactical crisis response drill sequences executed by the Haryana Police Virangana Team for female students.


न्यूज डायरी

## छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेने वाली गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक की टीम। स्रोत : संस्थान

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक में शनिवार को छात्राओं के लिए आत्मरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरियाणा पुलिस की टीम, जिसमें एसआई ममता व उनकी सहयोगी पुलिसकर्मी शामिल रहीं। उन्होंने छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए और घटना होने पर हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही जूडो-कराटे के व्यावहारिक प्रशिक्षण से आत्मरक्षा तकनीक सिखाई गई। कार्यक्रम प्रिंसिपल मुकेश बंसल की देखरेख में हुआ। समन्वयक भारती ने सहयोग किया, जबकि संचालन प्रदीप कुमारी और सरोज ने किया। ब्यूरो



### 🌿 **NSS Extension Camp (Village Shikarpur)**

A structured 7-day social welfare program was successfully executed under the guidance of Program Officer Sonu Singh, Dr. Anjali Jagalan, Dr. Dinesh Nain, and Shyam Lal:

- Community awareness drives targeting drug-deaddiction networks.
- Inspirational ecological preservation and native landscaping lectures by environmental activists.

## राजकीय पॉलिटेक्निक के एन.एस.एस. यूनिट का विशेष शिविर संपन्न

### नशा मुक्ति के महत्व, तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण विषय पर दिए गए व्याख्यान




*शिविर के समापन अवसर पर आयोजकों, सहयोगियों को सम्मानित करते हुए।* (नांदवाल)

हिसार, 13 मार्च (नांदवाल): गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक हिसार की एन.एस.एस. इकाई द्वारा निकटवर्ती गांव शिकारपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष एन.एस.एस. शिविर का समापन आज हुआ। इस शिविर की शुरुआत 6 मार्च को संस्थान के प्राचार्य जगमोहन सिंह द्वारा की गई थी। शिविर में विभिन्न शाखाओं के 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिन्होंने गांव शिकारपुर में रहकर 'जन भागीदारी से जन कल्याण' विषय पर आधारित सामाजिक गतिविधियों में भाग लिया। शिविर के दौरान प्रत्येक दिन की शुरुआत एन.एस.एस. गीत और योगाभ्यास से होती थी तथा दिन का समापन ध्यान (मेडिटेशन) के साथ किया जाता था।

शिविर के दौरान प्रतिदिन विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। इनमें सुनील दत्त द्वारा स्वदेशी जागरण, श्याम लाल द्वारा सामुदायिक सेवा और विद्यार्थियों में बढ़ते स्क्रीन टाइम की समस्या, कार्यक्रम अधिकारी सोनू सिंह द्वारा गांव के तालाबों के पारिस्थितिकी तंत्र पर जानकारी, काउंसलर राहुल शर्मा द्वारा नशा मुक्ति के महत्व, डॉ. दिनेश नैन द्वारा ग्रामीणों में तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूकता, डॉ. घनश्याम माहिया तथा प्रदीप वर्मा द्वारा सामाजिक कुरीतियों और एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की भूमिका तथा अंतिम दिन सुनीता रहेजा, हरि भरी वसुंधरा एन. जी. ओ. और अजय नेहरा द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर प्रेरक व्याख्यान दिए गए। समापन अवसर पर प्राचार्य जगमोहन सिंह और कार्यक्रम अधिकारी सोनू सिंह ने शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों, सहयोगियों और गांववासियों का आभार व्यक्त किया। एन.एस.एस. के 50 स्वयंसेवकों ने सोनू सिंह, डॉ. अंजली जागलान, डॉ. दिनेश नैन और श्याम लाल के मार्गदर्शन में शिविर के उद्देश्यों को पूरा किया।

# राजकीय पॉलिटेक्निक के एनएसएस यूनिट का विशेष शिविर का समापन




सिटी पल्स न्यूज, हिसार। गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक हिसार की एन.एस.एस. इकाई द्वारा निकटवर्ती गांव शिकारपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष एन.एस.एस. शिविर का समापन आज हुआ। इस शिविर की शुरुआत 6 मार्च को संस्थान के प्राचार्य जगमोहन सिंह द्वारा की गई थी। शिविर में विभिन्न शाखाओं के 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिन्होंने गांव शिकारपुर में रहकर 'जन भागीदारी से जन कल्याण' विषय पर आधारित सामाजिक गतिविधियों में भाग लिया। शिविर के दौरान प्रत्येक दिन की

शिविर के दौरान प्रतिदिन विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। इनमें सुनील दत्त द्वारा स्वदेशी जागरण, श्याम लाल द्वारा सामुदायिक सेवा और विद्यार्थियों में

**नशा मुक्ति के महत्व, तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण विषय पर दिए गए व्याख्यान**

बढ़ते स्क्रीन टाइम की समस्या, कार्यक्रम अधिकारी सोनू सिंह द्वारा गांव के तालाबों के पारिस्थितिकी तंत्र पर जानकारी दी।

नागरिक अस्पताल से सुकून काउंसलर राहुल शर्मा द्वारा नशा मुक्ति के महत्व, डॉ. दिनेश नैन द्वारा ग्रामीणों में तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूकता, डॉ. घनश्याम माहिया तथा प्रदीप वर्मा द्वारा सामाजिक कुरीतियों और एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका तथा अंतिम दिन सुनीता रहेजा, हरि भरी वसुंधरा अजय नेहरा द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर प्रेरक व्याख्यान दिए गए।

### 🎪 Cultural & Technical Heritage: Surajkund Mela Tour

The department organized a special educational-cum-cultural excursion to the world-renowned Surajkund International Crafts Mela, Faridabad, beautifully blending traditional craftsmanship with modern engineering observation.

**Key Highlights of the Visit:**

- **Indigenous Mechanics:** Students analyzed the underlying design frameworks, structural materials, and manual kinetic layouts used in diverse traditional handlooms.
- **Digital Infrastructure:** The tour offered direct exposure to high-volume digital ticketing workflows, UPI payment processing networks under heavy stress, and large-scale event logistics.
- **Design Innovation:** Interacting with diverse regional artisans inspired creative design-thinking models applicable to structural product layouts and consumer electronics casings.




© 2026 Guru Daksh Government Polytechnic, Hisar. All Rights Reserved.

Compiled under the supervision of HOD, Sh. Suresh Kumar